हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 81 | पटना, मंगलवार, 07 मई, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# इंडी गठबंधन सत्ता में आई, तो लालू के समय जो जंगलराज बिहार में था, वह पूरे देश में होगा: अमित शाह

- पिछड़ों के हक का आरक्षण कांग्रेस ने मुसलमानों की झोली में डाल दिया
- लालू खुद चारा खाकर जेल गये थे, उनके साथी भी भ्रष्टाचार करने वाले हैं

**उजियारपुर (संवाददाता)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने सोमवार को बिहार के उजियारपुर लोकसभा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री अमित शाह जी ने कपूर्री ठाकुर जी को याद करते हुए अपने बात की शुरूवात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि , कपूर्री ठाकुर जी को मोदी जी ने भारत रत्न देकर उन्हें जननायक भारत रत्न बनाने का काम किया है। कपूर्री ठाकुर जी ने जीवन के आखिरी क्षणों तक गरीबों के लिए काम किया है। कपूर्री ठाकुर जी ने ही मैथिली भाषा को सम्मान देने की बात की थी। जिसके बाद अटल जी ने मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में स्थान देने का काम किया था। इसके आगे उन्होंने कहा कि, पिछड़ा समाज की अगर कोई विरोधी पार्टी है तो वो सिर्फ कांग्रेस पार्टी है। उसी पार्टी की गोद में आज लालू प्रसाद यादव जाकर बैठे हैं। सबसे पहले देश में पिछड़ा समाज को आरक्षण देने के लिए जो काका साहेब कालेलकर की रिपोर्ट आई थी। उसे कांग्रेस पार्टी ने कभी मान्यता नहीं दी। यहाँ तक की मंडल कमीशन को भी कांग्रेस ने ठंडे बस्ते में ड़ाल दिया था। जिस समय मंडल कमीशन को मान्यता दी गई। उसका सबसे अधिक विरोध राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी ने ही किया था। इन्होंने ही डइउ को इतने सालों तक संवैधानिक मान्यता नहीं थी। लेकिन मोदी जी ने इसके लिए पिछड़ा आयोग बनाया और सबको संवैधानिक मान्यता दी। मोदी जी ने पिछड़ा समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। जबकि, पिछड़ा समाज के आरक्षण पर कांग्रेस पार्टी ने डाका ड़ालने का काम किया है। कर्नाटक में जब कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी तो उन्होंने रातों रात सभी मुस्लिमों को बिना सर्वे के पिछड़ा समाज से जोड़ दिया और उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण दे दिया।आंध्र प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तब भी कांग्रेस पार्टी ने 4 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ा समाज का काटकर मुस्लिमों को दे दिया।



बिहार में लालू प्रसाद यादव पिछड़ा समाज का हितैषी बनते हैं। अगर वो असलियत में हितैषी हैं तो, पिछड़ा समाज के आरक्षण पर जो इस समय लूट मारी हो रही है उसका जवाब देकर दिखाएं। इसके आगे उन्होंने कहा कि, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार आएगी। हमारी सरकार वहाँ से मुस्लिमों का आरक्षण समाप्त कर देगी। उसे रउ, रळ और डइउ को वापस देगी। क्योंकि मोदी जी के कैबिनेट में खुद 27 मंत्री पिछड़ा समाज से आते हैं।

इसके आगे श्री अमित शाह ने कहा कि, कल झारखंड के मंत्री के यहाँ से 30 करोड़ का कैश बरामद हुआ। जबकि सिर्फ दो महीने पहले झारखंड में कांग्रेस के सांसद के यहाँ से 350 करोड़ कैश मिला था और बंगाल में ममता के मंत्री के यहां से 51 करोड़ कैश मिला। लालू प्रसाद यादव तो चारा खाकर जेल गए थे। वास्तव में लालू के साथी भी उनसे बिल्कुल कम नहीं हैं। वो भी भ्रष्टाचार में माहिर हैं।

आखिर इतना रुपया कहां से आता है। इसका जवाब पूरे इंडी एलाइंस के पास नहीं है। लेकिन आप सबको चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपके रुपयों की रखवाली मोदी जी कर रहे हैं।

इसके आगे गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, ह्यविपक्षियों के मन में कोई दया नहीं है। यहाँ पर सन 2000 में दलसिंह सराय में रेलवे ओवरब्रिज की मांग की गई थी। लेकिन लालू जी ने कभी यह मांग पूरी नहीं की। मोदी जी ने यह मांग सुनी और यहाँ रेलवे ओवरब्रिज की मांग पूरी कर दी है।

## संपादकीय

# पिछली बार से कम मतदान हुआ है

**जे पी चौधरी**



देश में सात चरणों में हो रही लोकसभा चुनावी प्रक्रिया के तहत अभी तक दो चरण के लिए वोटिंग हो चुकी है। तीसरा चरण का वोटिंग आज होने वाला दोनों चरणों में वोटिंग 2019 के मुकाबले कम हुई। इससे तमाम राजनीतिक दल, उम्मीदवार और खुद चुनाव आयोग भी इस बात को लेकर चिंतित नजर आ रहा है कि आखिर लोग वोट देने घरों से क्यों नहीं निकल रहे? क्या इसके पीछे तेज गर्मी बड़ा कारण है या फिर वोटरों में उदासीनता या फिर कुछ और। पहले चरण के कम मतदान के बाद राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी चुनावी सभाओं में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आह्वान किया था लेकिन दूसरे चरण में भी आशानुरूप कम मतदान ही देखने को मिला। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से 80 सांसद देश की संसद में पहुंचते हैं, वहां देश के अन्य राज्यों की तुलना में कम मतदान रिकार्ड हुआ। पहले चरण में कम वोटिंग होने की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। वहीं बीजेपी नेताओं का दावा है कि उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नए रिकॉर्ड बनाएगा। इसके अलावा मोदी सरकार की वापसी की उम्मीदों का दावा भी किया गया है। उत्तर प्रदेश में 19 अप्रैल को पहले चरण में प्रदेश में कुल 61.11 फीसदी मतदान हुआ था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इन आठ सीटों पर 66.41 प्रतिशत मतदान हुआ था। पिछले चुनाव के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.39 फीसदी कम वोट पड़े हैं। यूपी की 8 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को हुआ। इस दौरान वोटिंग प्रतिशत 55.39 रहा। पिछले आम चुनाव में इन सीटों पर 62.18 प्रतिशत वोट पड़े थे ।इस हिसाब से साल 2024 के चुनाव में दूसरे चरण में पिछले चुनाव के मुकाबले 6.79 प्रतिशत कम वोटिंग हुई है। बिहार में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को 88 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था. 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में दोनों चरणों में मतदान में गिरावट दर्ज की गई है. 2019 के चुनावों में पहले और दूसरे चरण में क्रमशः 69.43 और 69.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था. दरअसल 2019 के दूसरे चरण में जिन सीटों पर भाजपा जीती थी, उन पर 3 फीसदी तक मतदान कम हुआ है। जो सीटें कांग्रेस ने जीती थीं उन पर 5-10 फीसदी मतदान घटा है। हिंदी पट्टी के प्रमुख राज्यों में मतदान औसतन 7 फीसदी तक घटा है। ये राज्य ही भाजपा के दुर्गनुमा चुनावी गढ़ हैं। क्या यह घटा हुआ मतदान भाजपा के खिलाफ ह्यखामोश चुनावी लहरह्ण है? सवाल यह भी है कि फिर यह लहर किस राजनीतिक दल के पक्ष में है? कांग्रेस ने तो 300 सीटों पर भी उम्मीदवार नहीं उतारे हैं और गठबंधन के तौर पर ह्यइंडियाह्ण छिन्न-भिन्न स्थिति में है। तो फिर जनादेश कैसा होगा और केंद्र सरकार का स्वरूप भी कैसा होगा? वैसे तो इस बार के लोकसभा चुनाव का खास ट्रेंड यह दिख रहा है कि हर जगह मतदान में या तो पिछली बार के मुकाबले कमी आ रही है या उसके आसपास मतदान हो रहा है लेकिन हैरानी की बात है कि जिन सीटों पर पार्टियों के बड़े नेता चुनाव लड़ रहे हैं या पार्टियों ने ग्लैमर का तड़का लगाने के लिए फिल्मी सितारों आदि को उतारा है उन सीटों पर भी मतदान करने में लोगों ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई है। दूसरे चरण की 88 सीटों में से ज्यादातर वीआईपी सीटों पर औसत से कम या पिछली बार से कम मतदान हुआ है। यह ट्रेंड केरल से लेकर उत्तर प्रदेश तक एक समान रूप से देखने को मिला है। केरल की तिरुवनंतपुरम सीट को बहुत हाई प्रोफाइल माना जा रहा है क्योंकि कांग्रेस के शशि थरूर लगातार चौथी बार जीतने के लिए लड़ रहे हैं तो भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और कारोबारी राजीव चंद्रशेखर को लड़ाया है लेकिन 2019 के 74 फीसदी के मुकाबले 2024 में सिर्फ 64 फीसदी मतदान हुआ। इसी तरह मेरठ में भाजपा ने रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल को उतारा है लेकिन वहां 2019 के 64.29 के मुकाबले 2024 में 59 फीसदी मतदान हुआ।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का कार्यक्रम होना मेरे लिए सौभाग्य: चिराग पासवान



**हाथीपुर,(संवाददाता)।** हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र अंर्तगत कुतुबपुर, हाजीपुर में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह एनडीए समर्थित प्रत्याशी चिराग पासवान देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम करने हेतु कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किये, साथ हीं मीडिया के साथियों को संबोधित करते हुए श्री चिराग ने कहा कि मेरे नेता मेरे पिता आदरणीय श्रद्धेय रामविलास पासवान जी के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए हाजीपुर की जनता से आशीर्वाद लेने मैं हाजीपुर आया हूं। ऐसे में यहां देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का कार्यक्रम होना मेरे लिए सौभाग्य है कि इससे पहले मेरे नेता मेरे पिता श्रद्धेय रामविलास पासवान जी के 2014 के चुनाव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से मेरी मुलाकात हुई तब से अब तक आदरणीय प्रधानमंत्री जी से मेरा व्यक्तिगत सम्बंध रहा है, वही दुसरी ओर भगवानपुर प्रखंड के वार्ड न. 13 स्थित रत्नपुरा में कुछ दिन पूर्व अगलगी की घटना के उपरान्त आज पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया एवं स्थानीय प्रशासन से बात कर जल्द-से-जल्द सभी पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा की राशि व मकान एवं शौचालय अविलंब देने की मांग की। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि मौके पर हाजीपुर अरविन्द कुमार सिंह, जिला प्रभारी जनाब अशरफ अंसारी, पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह, प्रदेश महासचिव राजकुमार पासवान, हरिहर पासवान, जिला मिडिया प्रभारी गुड्डु कुमार जायसवाल, छात्र जिलाध्यक्ष श्रीकांत पासवान, संजय चौधरी, विनोद राय, रिंकु कुमारी, मनोज सिन्हा, नौशाद आलम, मुकेश पटेल, दरोगा पासवान, पवन राज, कमलेश राय, प्रभात जी सहीत एनडीए के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# भाजपा के लिए एक वोट राज्य के लिए सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेगा: प्रधानमंत्री

**दिल्ली, (संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सोमवार को ओडिशा के बरहमपुर और नबरंगपुर में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और ओडिशा की बीजेडी सरकार के भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार करते हुए राज्य की जनता से प्रदेश में पूर्ण बहुमत से कमल खिलाने का आह्वान करने के साथ-साथ राज्य की हर लोक सभा सीट पर भी भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा आज हमारे रामलला भव्य राम मंदिर में विराजमान हैं। प्रभु श्री रामलला का भव्य मंदिर 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद जनता के भाजपा को दिए गए एक वोट के कारण संभव हुआ है। ओडिशा में इस बार 2 यज्ञ एकसाथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में हिंदुस्तान के लिए मजबूत सरकार बनाने के लिए है और दूसरा यज्ञ ओडिशा में



भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। जनता के जोश और उत्साह में एक ही भावना दिख रही है ओडिशा में पहली बार डबल इंजन सरकार। ओडिशा भाजपा ने यहां की आकांक्षाओं, युवाओं के सपनों और बहनों-बेटियों के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए बहुत ही विजनरी संकल्प पत्र जारी किया है। इस संकल्प पत्र में युवाओं, महिलाओं के लिए रोजगार भी है, बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य, महान संस्कृति के लिए पर्यटन विकास तथा धान और तेंदूपत्ता के लिए बहुत बड़ी घोषणाएं की गयी हैं एवं जनता जानती है कि भाजपा जो कहती है वो करके दिखती है। यहां सरकार बने के बाद भाजपा पूरी शक्ति से इन घोषणाओं को पूरा करेगी और यह मोदी की गारंटी है। 4 जून पर यहां की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है, 6 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा और मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं। यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने कहा कि ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं क्योंकि सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। ओडिशा में करीब 50 वर्ष तक कांग्रेस और करीब 25 वर्ष तक बीजेडी की सरकार रही। लेकिन ओडिशा का विकास नहीं हुआ। ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बरहमपुर जैसा व्यापार केंद्र, संस्कृति और विरासत सहित सब कुछ है, फिर भी इस 'अमीर' ओडिशा के लोग गरीब ही बने रहे। इस पाप के लिए कांग्रेस और बीजेडी जिम्मेदार हैं।

# मोदी लहर के आगे लोकसभा चुनाव में विपक्ष धूल फांकता हुआ नजर आएगा: शाहनवाज हुसैन

**पटना।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त मिलने वाली है।

मोदी लहर के आगे लोकसभा चुनाव में विपक्ष धूल फांकता हुआ नजर आएगा। करारी हार के डर से बौखला गए हैं कांग्रेस नेता । विपक्ष के लोग जिस तरह देश से जुड़े बड़े मसलों पर सवाल उठा रहे हैं, इससे उनकी बदहवासी झलक रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि पुंछ के आतंकी हमले को लेकर सवाल उठाना, देशभक्त हेमंत करकरे की शहादत के मामले में देश विरोधी बयान देना, कांग्रेस और विपक्ष की बौखलाहट को उजागर करता है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मुंबई में हुए आतंकी हमले के सबसे बड़े आरोपी कसाब को हेमंत करकरे की शहादत में क्लीन चिट देकर कांग्रेस नेता ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आतंकवाद निरोधक दस्ते एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे की शहादत मामले में कसाब को क्लीनचिट देकर कांग्रेस नेता ने आतंकी हमले में शहीद हुए सभी जवानों का अपमान किया है। देश की जनता इसके लिए कांग्रेस और विपक्ष को कभी माफ नहीं करेगी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने पटना में मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में जब मंत्री के पीएस के नौकर के पास से नोटों का अंबार मिला है तो बाकियों का क्या हाल होगा।

# अब हम सोने की चिड़िया नहीं, सोने का शेर बना रहे: सम्राट चौधरी

**बोकारो (संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज झारखंड के बोकारो में एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के नामांकन सह आशीर्वाद सभा में शामिल हुए।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि आज देश का डंका दुनिया में बज रहा है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के मामले में 12 वें नंबर पर थे , लेकिन आज हम अंग्रेजो को पछाड़ कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भारत की पहचान सोने की चिड़िया के रूप में होती थी, तब लोग इसे लूटने आते थे। सोने की चिड़िया को लूटने गजनी आया तो फिर मुगल आ गए। इसके बाद अंग्रेजों ने भी इसे लूटा। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कंसेप्ट बदल दिया। अब भारत सोने का शेर बनाने का काम कर रहा जो पूरी दुनिया में दहाड़ रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री जी आज देश को विकसित और समृद्ध बनाने



में लगे हैं। पहले कोई सोच भी नहीं सकता था कि कोई प्रधानमंत्री शौचालय बनाने की बात करेगा। लेकिन आज घर - घर तक शौचालय बनाए गए। घर तक नल का जल पहुंचा और बिजली पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए 4.35 करोड़ पक्का आवास बनाए गए। जब गरीबों के पक्का आवास बनाए जा रहे थे तब अयोध्या में 400 वर्षों तक टेंट में रहे प्रभु श्रीराम के लिए भी भव्य मंदिर बन गया। उन्होंने कहा कि यह तब संभव हो सका जब आपने 2019 में आपने मोदी जी आशीर्वाद दिया।

उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री जी घर - घर सोलर युक्त बिजली पहुंचाने का निर्णय लिया है। जहां लोगों को मुफ्त बिजली मिल सके। बिहार भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश को मजबूर नहीं मजबूत सरकार की आवश्यकता है। देश में जब मजबूत सरकार होती है तो कड़े और प्रभावी निर्णय भी लिए जाते हैं।

# बसपा के प्रदेश महासचिव चंचल मिश्रा ने जगदानंद सिंह के समक्ष सैकड़ो समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की

**पटना, (राकेश कुमार)।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय मे बसपा के प्रदेश महासचिव सह पूर्व जिला परिषद सदस्य चांद, कैमूर ने अपने समर्थकों के साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह , पूर्व सांसद विजय कृष्ण एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की।

इस संबंध में प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि श्री चंचल मिश्रा को राष्ट्रीय जनता दल का प्रतीक चिन्ह गमछा ,सदस्यता रसीद देकर राजद की सदस्यता ग्रहण कराई गई। तथा लालू प्रसाद के संघर्षों और संसदीय जीवन पर आधारित गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है, इसी कारण सभी वर्ग के लोग लगातार राष्ट्रीय जनता दल से लगातार जुड़ रहे हैं । और समाज के लोगों के लिए 17 महीने के महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में नौकरी और रोजगार के लिए जो कार्य नेता प्रतिपक्ष श्री



तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में किए गए हैं , उसके प्रति लोगों का विश्वास और समर्थन और बढ़ा है ।

इन्होंने कहा कि लालू प्रसाद जी और तेजस्वी जी ने शोषितों ,वंचितों , अति पिछड़ो, दलितों और समाज के सभी वर्गों को न सिर्फ गले लगाया, बल्कि उन्हें हर स्तर पर मान- सम्मान भी दिया। साथ ही साथ सामाजिक न्याय की धारा को मजबूती प्रदान करने के लिए संघर्ष और आंदोलन वाले राजनीतिक कार्यकताओं को पहचान भी दी है।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम , जेम्स कुमार यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी, दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा उर्फ कवि जी, उमाशंकर चौबे, संजय सिंह, शंभू शंकर पांडेय,जयराम मिश्रा सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# 4 जून को 13 कमल फूल और 1 केला माँ भारती के चरणों मे समर्पित करने के लिए झारखंड की जनता तैयार: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** पाकुड़ से 2 बार विधानसभा प्रत्याशी रहे शम्भू शरण भगत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यालय में दोनो को विधिवत शामिल कराया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को पार्टी में घर वापसी कराई। श्री मराण्डी ने उन्हें पार्टी का पटका और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्री मराण्डी ने कहा कि 4 जून को 13 कमल फूल और 1 केला माँ भारती के चरणों मे समर्पित करने के लिए झारखंड की जनता तैयार है। श्री चौधरी भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य रहे है, उनके पार्टी में पुनः



वापसी से पार्टी को ऊर्जा मिलेगी। श्री चौधरी ने कहा कि वे घर मे ही थे लेकिन साइलेंट मॉड में थे लेकिन अब एक्टिव मॉड में आ गया हूँ। श्री चौधरी ने कहा कि मेरा कार्यकताओं के साथ लगातार मिलना जुलना लगा हुआ था, मेरा इस्तीफा भी पार्टी ने स्वीकार नही किया था, न ही मुझे निष्काषित किया गया था। इस अवसर पर पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने भी पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, महेश पोद्दार, अजय मारू, रामकुमार पाहन उपस्थित थे। मंच का संचालन मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने किया।

# शिबू सोरेन परिवार ने झारखंड और लालू परिवार ने बिहार को लूटा : सम्राट चौधरी

**पटना, (संवाददाता)।** भाजपा के अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर इंडी गठबंधन में शामिल राजद और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने झारखंड को और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने बिहार को लूटा है।

श्री चौधरी ने साफ लहजे में कहा कि ये लुटेरे हैं। लालू प्रसाद हों या शिबू सोरेन हो, ये देश को लूटने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इनके पुत्र भी अपने पिता की राह पर चल रहे हैं। श्री चौधरी ने स्पष्ट कहा कि लालू प्रसाद खुद चारा घोटाले में सजायाफ्ता है जबकि उनके पुत्र समेत परिवार के कई सदस्य जमानत पर हैं । इधर शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन जेल में हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी है कि भ्रष्टाचार करने वाला कोई बच नहीं पाएगा। इन लूटने वालों पर जब सरकार कार्रवाई करती है तो तो दर्द तो होगा ही। ये इसी लूट से छुटकारा पाने के लिए इंडी गठबंधन बनाया है। लेकिन, इन्हें नहीं पता कि जनता सब देख रही है।



उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आज ईडी द्वारा झामुमो के एक मंत्री के पीए के पास से 40 करोड़ रुपए , इससे पहले कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे। इनके गिनने में मशीनें खराब हो जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को बताना चाहिए कि ये रुपए आते कहाँ से हैं ?

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को यह भी बताना चाहिए कि क्या इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी, वैसे बनने नहीं जा रही है, फिर भी क्या बनेगी तो संविधान में बदलाव करते हुए ये भ्रष्टाचार की छूट लागू कर देंगे। सभा को संबोधित करने वाले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो बिहार के पूर्व विधान परिषद रणवीर नंदन आदि मौजूद थे।

# विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने किया जनसंपर्क

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी 183 कुम्हरार विधानसभा के नया टोला मंडल में लाभार्थियों के बीच विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने जनसंपर्क किया ' जनसंपर्क के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी का किए हुए विकास के बारे में बताया गया साथ ही लाभार्थियों का डिटेल सरल एप के माध्यम से संकलन किया गया ' कार्यक्रम के दौरान 105 लाभार्थियों से संपर्क किया गया ' नया टोला मंडल अध्यक्ष भोलू कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया प्रदेश नेता मिलन कुमार रजक प्रदेश के नेता विजय कुमार यादव मंडल प्रभारी अमित कुमार राम लल्ला महिला मोर्चा के जिला प्रवक्ता लक्ष्मी गुप्ता कल्पना चटर्जी अरविंद कुमार डड्डु सिंहा विजय कुमार महतो पप्पू जी राजीव चंद्रवंशी विकास कुमार गुड्डू सोनू कुमार पूनम सिन्हा महिला मोर्चा अध्यक्ष दीपा प्रभा महामंत्री टि भट्टाचार्य महामंत्री विपिन कुमार सुधांशु शेखर संतोष कुमार संतोष कुमार रजक कार्यकर्ता गण मौजूद थे।



# तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील: ललन सर्राफ

**पटना (संवाददाता)।** जदयू के वरिष्ठ नेता, विधान परिषद के सदस्य, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष और व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक ललन सर्राफ ने कर कहा कि 7 मई को झंझारपुर, खगड़िया, मधेपुरा, सुपौल एवं अररिया लोकसभा की सीटों पर तीसरे चरण का मतदान होना है। एनडीए गठबंधन के लिहाज से यह पांचों सीटें बेहद महत्वपूर्ण है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सभी सीटों पर मोदी-नीतीश की जोड़ी को जनता का आपार जनसमर्थन प्राप्त हुआ था और हमारे गठबंधन के सभी उम्मीदवारों ने यहां जीत दर्ज की थी लेकिन इस बार जीत के अंतर को बढ़ाना है।

बीते वर्षों में केंद्र और राज्य सरकार के परस्पर सहयोग से इन सभी लोकसभा क्षेत्रों में चैमुखी विकास देखने को मिला है। समाज के हर वर्ग तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचा है। अपील करते हुए कहा कि विकास की गाड़ी यूंही अनवरत बढ़ती रहे इसके लिए एनडीए उम्मीदवार को पुनः भारी मतों से विजयी बनाना है। एनडीए गठबंधन को मिला प्रत्येक वोट विकसित भारत और विकसित बिहार के निर्माण में निर्णायक साबित होगा। श्री सर्राफ ने कहा कि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को नए पीढ़ियों की चिंता है जबकि विपक्षी पार्टियों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। एनडीए सरकार पूरी ईमानदारी और तत्प्रता से जनकल्याण की दिशा में काम कर रही है । श्री सर्राफ तीसरे चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की भी अपील की और कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की आवश्यकता है।



# नोट के बदले वोट का खेल हुआ जगजाहिर, देश को लगातार लूट रही इंडिया गठबंधन: मंगल पांडेय

## गरीब, किसान, आदिवासी व मेहनकशों का पैसा लूटने का दुकान चला रही कांग्रेस

**पटना।** सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कांग्रेस व इंडी गठबंधन के तमाम सहयोगियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि विपक्ष नोट के बदले वोट का खेल खुलेआम खेल रही है। एक ओर देश के यशस्वी पीएम श्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए हर पल पसीना बहा रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस जहां कहीं सत्ता में है, वहां देश को लूटने का काम लगातार कर रही है। उसका ताजा उदाहरण झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्रालय में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की बड़ी कार्रवाई से पता चला है। झारखंड के कांग्रेस नेता एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी ली गई है, जिसमें लगभग 40 करोड़ से अधिक कैश बरामद किया गया है।

श्री पांडेय ने कहा कि नकदी इतनी ज्यादा थी कि नोट गिनने वाली 5 मशीनें लगाई गई। झारखंड के संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री जो 2006-09 तक झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रहे। पाकुड़ विधानसभा से कांग्रेस के 4 बार विधायक रहे। उनके निजी सचिव के मामूली कर्मचारी के पास आखिर इतना कैश कहां से आ गया। ये पैसा निश्चित तौर पर कांग्रेस का है। जिसने दशकों-दशक देश को लूटा है। गरीबों, किसानों व महिलाओं को न्याय का वादा कर उनको ठगने का काम किया है। देश के गरीबों का पैसा लूटा है। देश को कांग्रेस ने एक पर एक घोटाले कर आर्थिक तौर पर पंगू बना दिया। आज पीएम मोदी उसे पटरी पर लाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मेरी मांग है कि झारखंड के इस मंत्री की संपत्ति व उनके सहयोगी के पास से बरामद कैश की सीबीआई जांच हो। कांग्रेस इन पैसों का दुरुपयोग चुनाव प्रभावित करने के लिए कर रही होगी।



श्री पांडेय ने कहा कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है। झारखंड में इंडिया गठबंधन ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की हक मारकर लूटे हुए इन्हीं पैसों से चुनाव लड़कर सत्ता पाने की कोशिश में कर रही है। झारखंड में कांग्रेस व उनकी सहयोगी जेएमएम के नेता, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भी घोटाले के आरोप में बंद हैं। वहीं उनकी एक और सहयोगी राजद पर घोटालों का आरोप जगजाहिर है। ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग की दुहाई देने वाली झामुमो-कांग्रेस जनता के सामने अब कौन सा नया बहाना बनाएगी।

पूर्व में धीरज साहू से लेकर आलमगिर आलम और पंकज मिश्रा से लेकर पूजा सिंहल तक के ठिकानों से जिस प्रकार अकूत काले धन बरामद हुए हैं, उससे पिछले 5 सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा की गई संगठित लूट जगजाहिर हो चुकी है। पिछले साल भी झारखंड में बड़ी संख्या में कैश बरामदगी हुई थी। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किया था।

## संक्षिप्त खबर

### फूट डालो और शासन करो की नीति पर राजद, कांग्रेस : अरविन्द सिंह

**पटना, (संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि कांग्रेस और राजद अंग्रेजों की नीति फूट डालो और शासन करो की नीति पर चल रही है। अब राजद ने ये गिनना शुरू कर दिया है कि सेना में कौन हिन्दू है, कौन मुसलमान है। ये लोग समाज को बांटने के लिए, देश की एकता तोड़ने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। मां भारती की रक्षा के लिए जो सीने पर गोली खाता है, वो पहले भारतीय होता है। राजद के लोग, उसे हिंदू, मुसलमान की नजर से देखते हैं। बाबा साहेब के नेतृत्व में संविधान सभा ने 75 साल पहले तय किया था कि हमारे देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते हैं। पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया। लेकिन अब कांग्रेस पंडित नेहरू जी की भावना के विरुद्ध जा रही है, बाबा साहेब की पीठ में छूरा घोंप रही है, संविधान को तोड़ने में लगी है। कांग्रेस लगी हुई है कि एससी,एसटी,ओबीसी कोटे को कम करके, धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण दे दिया जाए और कांग्रेस की इस साजिश में आरजेडी भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है इसका ज्वलंत उदाहरण कर्नाटक में है। हमारे मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा, देश के संसाधनों पर पहला हक किसी का है तो वो सिर्फ गरीबों का है। उनमें और हमारे में यहीं अंतर है। एनडीए और इंडी एलायंस का फर्क साफ है।

### इसबार का जनादेश मोदी की गारंटी के नाम होगा: विजय कुमार सिन्हा

**पटना (संवाददाता)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से करोड़ों की धनराशि बरामद होना यह बताता है कि देश में लोकतंत्र को लूटतंत्र कौन बना रहा है श्री सिन्हा ने कहा कि झारखंड से देश को कांग्रेस के मंसूबों की झलक मिली है । देश के लोगों ने आज फिर से देखा है इंडी गठबंधन के लोग सत्ता में आकर कमीशन और करप्शन की दुकान खोल लेते हैं । जनता की गाढ़ी कमाई को लूटना इनका लक्ष्य होता है । श्री सिन्हा ने कहा कि जब केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा इनके भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाता है तब इंडी गठबंधन के परिवारवादी शहजादों की फौज को लोकतंत्र और संविधान खतरे में नजर आने लगता है । श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी जी को जनता ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में करीब ढाई दशक तक काम करने का मौका दिया है । लेकिन उनपर आजतक कोई ढाई रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकता । देश के लोग जानते हैं कि इंडी गठबंधन के लिए राजनीति 'प्रोफेशन' है जबकि मोदी जी के लिए राजनीति 'राष्ट्रनीति का मिशन' है ।इसलिए पिछले 10 वर्षों में मोदी जी की सरकार गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण कर इन चारों जातियों का भरोसा जीतने में सफल रही है ।इस बार का जनादेश भी मोदी जी की गारंटी के नाम ही होगा ।

### जनता का मिजाज है 400 पार : डॉ.संतोष कुमार सुमन

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा हम (से) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री डॉ.संतोष कुमार सुमन ने आज उजियारपुर और समस्तीपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से एनडीए समर्थित उम्मीदवार क्रमशः केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री सह भाजपा नेता नित्यानंद राय और लोजपा की शांभवी चौधरी के पक्ष में सघन जनसंपर्क कर जनता को गोलबंद किया और एक बार फिर से केंद्र में मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया. डॉ.संतोष कुमार सुमन ने कहा कि बिहार की जनता के दिलोदिमाग में मोदी सरकार की विकास वाली छवि है. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जो 10 सालों में कर दिखाया, वो विपक्ष कभी नहीं कर सकता. तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार में लिप्त रहने वाली कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों को देश की जनता नकार चुकी है. इसलिए तीसरी बार भी देश में जनता का मिजाज 400 पार है. मंत्री ने गाँव - गाँव घूमकर कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए ने तुष्टिकरण के बजाय देश के लोगों की संतुष्टिकरण का रास्ता चुना. हमारे प्रधानमंत्री तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण की राजनीति में विश्वास करते हैं. उन्होंने कहा कि राजद और उसके गठबंधन के लोग सिर्फ सत्ता चाहते हैं. जब देश मोदी की गारंटी के बारे में बात करता है, तो वे (विपक्ष) धर्म के नाम पर आरक्षण की बात करते हैं. जो लोग भ्रष्टाचार और ह्यह्यजंगल राज" के प्रतीक हैं, वे सुशासन के बारे में बात नहीं कर सकते, जब हमारे प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात करते हैं. पीएम मोदी बार-बार कर रहे हैं देश से भ्रष्टाचार हटना चाहिए. भ्रष्टाचार सबसे बड़ी महामारी है, जो पूरे विकास की गति को रोक देती है.

# भारत-तिब्बत सहयोग मंच का रजत जयंती दिवस समारोह सम्पन्न

**पटना।** भारत तिब्बत सहयोग मंच दक्षिण बिहार प्रांत की ओर से प्रांत अध्यक्ष डा मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में पटना के मीठापुर स्थित राधाकृष्ण वाटिका में भारत तिब्बत सहयोग मंच की स्थापना का पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर एक लघु विचार गोष्ठी का भी आयोजन हु आ।भारत तिब्बत सहयोग मंच के संस्थापक संरक्षक एवं संघ के वरिष्ठ प्रचारक डा इन्द्रेश कुमार जी के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण देश में इसके उद्देश्यों को. जनजागरण के माध्यम से कर रहा है।

मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचारों को व्यक्त करते हुए भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय सचिव शिवाकांत तिवारी ने कहा कि मंच पच्चीस वर्ष का युवा हो गया है।संस्था अधिक मजबूत करते हुए इसके उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।




अपने अध्यक्षीय भाषण में डा मिथिलेश कुमार ने कहा कि चीनी वस्तु ओं का बहिष्कार कर दुष्ट चीन का आर्थिक कमर तोडना है।कार्यक्रम का सफल संचालन भारत तिब्बत सहयोग मंच दक्षिण बिहार प्रांत के महामंत्री डा मुकेश कुमार ओझा ने किया।इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकार भारती के राम मोहन रस्तोगी, मनीष झा,उपाध्यक्ष, दक्षिण बिहार प्रांत, रीना वर्मा,अनीता सिंह, सुनीता सिन्हा,अनुपमा सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, पाना जी सिंह, रामबाबू सिंह, सभापति राय,विजय शंकर पाण्डेय, डा पारसनाथ साहु ,संजय कुमार, अधिवक्ता,पटना उच्च न्यायालय सहित सम्पूर्ण पदाधिकारी उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन रीना वर्मा ने किया।

# भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गयी है कांग्रेस : प्रभाकर मिश्र

**पटना, (संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गयी है। कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के दूसरे दलों का नाम आते ही आमलोगों के मन में सबसे पहले एक ऐसी पार्टी की तस्वीर बनती है, जो भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है।

श्री मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस नित्य प्रति भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। श्री मिश्र ने कहा कि कांग्रेस सहित पूरा 'घमंडिया' गठबंधन भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है । झारखंड में भ्रष्टाचार का मेगा शो चल रहा है। धीरज साहू के बाद कांग्रेस के एक और नेता आलमगीर आलम की काली कमाई का पदार्फाश हुआ है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस - संजीव लाल के घरेलू सहायक के ठिकाने से करीब 40 करोड़ नकदी बरामद हुआ । ईडी का मानना है कि यह काली कमाई का हिस्सा है। यह सोचने वाली बात है कि एक निजी सहायक के नौकर के पास इतनी बड़ी रकम कहां से आ सकती है। सीधे तौर पर इस काली कमाई का कनेक्शन आलमगीर आलम से है। अभी तो नोटों की पूरी गिनती हुई भी नहीं है। यह रकम और बढ़ेगी। असल में जहां भी घमंडिया गठबंधन में शामिल दलों की सरकार है, वहां लूट-खसोट मचा है। दिल्ली, बंगाल और झारखंड की सरकारें जनता की गाढ़ी कमाई को हड़प कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है।

श्री मिश्र ने कहा कि झारखंड में तो 'बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्लाह' जैसी स्थिति है। जेएमएम का शीर्ष नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं, लेकिन दूसरे नेता भी बेखौफ होकर काली कमाई कर रहे हैं। जनता के सामने घमंडिया गठबंधन का चरित्र उजागर हो चुका है।

# तेजस्वी का नीतीश सरकार द्वारा दिए गये आरक्षण को घटाने का मंसूबा कभी पूरा नहीं होने देंगे बिहारी: राजीव रंजन

**पटना (संवाददाता)।** आज जदयू कार्यालय में जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अतिपिछड़ा समाज के नेता राजीव रंजन, प्रदेष प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा एवं सुश्री अनुप्रिया ने संयुक्त तौर पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा है कि जिस राजद ने 15 वर्ष के राज में समाज के किसी भी वर्ग के आरक्षण को 1ः भी नहीं बढ़ाया, आज उसके युवराज अपना राज आने पर फिर से कपूर्री मॉडल लागू कर नीतीश राज में बढे आरक्षण को घटाने का दावा कर रहे हैं. राजद के युवराज जान लें कि बिहार के दलित-पिछड़े औत अतिपिछड़े समाज के लोग नीतीश राज में मिले आरक्षण से किसी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करने वाले. ऐसा मंसूबा रखने वाले लोगों की जनता खाट खड़ी कर देगी। उन्होंने कहा कि वास्तव में श्रद्धेय कपूर्री ठाकुर जी पहले राजनेता थे जिन्होंने पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज के आरक्षण की नींव रखी थी. नीतीश कुमार ने उनके आरक्षण को बढ़ाकर उसी नींव पर के बुलंद इमारत खड़ी कर दी. लेकिन तेजस्वी अब उस इमारत को तोड़ कर आरक्षण को फिर से नींव पर लाना चाहते हैं. आंकड़े देते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि याद करें तो कपूर्री ठाकुर जी से पहले केवल दलित समाज को आरक्षण की सुविधा प्राप्त थी. पिछड़े-अतिपिछड़ी जातियों को कोई पूछता तक नहीं था. कपूर्री जी ने पहले नेता थे जिन्होंने पिछड़े-अतिपिछड़े समाज की सुध ली और उन्हें क्रमशः 8 व 12 प्रतिशत का आरक्षण दिया. इसके कई दशक बाद नीतीश कुमार पहले राजनेता हुए जिन्होंने गरीबों के तेज विकास के लिए पहल करते हुए पिछड़े-अतिपिछड़े समाज के आरक्षण को बढ़ाकर क्रमश 12 व 18 प्रतिशत कर दिया. उन्होंने कहा कि अब जातिगत गणना करवा कर नीतीश सरकार ने इसे और बढ़ाते हुए पिछड़ा समाज के आरक्षण को 18 व अतिपिछड़ा समाज के आरक्षण को 25 प्रतिशत कर दिया है. इसी तरह दलितों को मिल रहे 15ः आरक्षण को भी बढ़ाकर पहले 16ः किया गया और अब जातिगत गणना के बाद इसे 20ः करने का निर्णय ले लिया गया. नीतीश सरकार के कारण ही आज बिहार में आरक्षण की सीमा 75ः हो चुकी है. लेकिन तेजस्वी यादव कपूर्री मॉडल लागू कर दलितों-पिछड़ों व अतिपिछड़ों के आरक्षण को फिर से पहले वाली स्थिति में लाना चाहते हैं. तेजस्वी यह जान लें कि विकास के रुख वापस पलटना अब नामुमकिन है। अतिपिछड़ा नेता ने कहा कि तेजस्वी के बयान से स्पष्ट है कि गरीबों के विकास राजद की दुश्मनी अभी समाप्त नहीं हुई है. वास्तव में जैसे जैसे गरीब सशक्त होते गये हैं, वैसे वैसे वह बहला-फुसला कर वोट लेने वाली राजद जैसी पार्टियों से दूर होते गये हैं. यही वजह है कि तेजस्वी उन्हें फिर से कमजोर बना कर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं. वह जान लें कि उनका सपना कभी पूरा नहीं होने वाला।



# भूमि विवाद कांड में पुलिस नें छः लोगों को चार देशी राइफल ,दो देशी कट्टा एवं बीस जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया

**इस्लामपुर(नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र सुहावनपुर सुढ़ी गांव मे रविवार को भूमी विवाद के कारण दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी के दौरान हुई एक व्यक्ति की हत्या की घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कारवाई करते हुए हिलसा 2 डीएसपी इस्लामपुर गोपाल कृष्णा के नेतृत्व मे एक टीम गठित कर सुहावनपुर सुढ़ी गांव मे छापेमारी कर गोलीबारी की घटना मे शामिल छः लोगों को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने चार देशी राइफल ,दो देशी कट्टा एवं बीस जिंदा कारतूस छः खोखा के साथ पुलिस ने एक पिलेट बरामद किया।

इस घटना के संबंध में हिलसा 2 डीएसपी इस्लामपुर ने इस्लामपुर कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों को बताया कि रविवार को इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सुहावनपुर सुढ़ी गांव मे भूमि विवाद के कारण दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट व गोलीबारी की घटना हुई थी। जिसमे बदमाश लोग को राइफल व कट्टा से अंधाधुन फायरिंग करने के दौरान नरेश प्रसाद की गोली लगने के कारण घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी।

घटना के सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर तुरंत कारवाई करते हुए छापेमारी कर इस घटना मे शामिल सुहावनपुर सुढ़ी गांव निवासी बिंदेश्वर महतो का पुत्र शिव कुमार महतो ,राजेंद्र चौधरी का पुत्र हिरा चौधरी ,चंदेश्वर मोची का पुत्र सुनील कुमार उर्फ सुनील रविदास,स्व० ईश्वर महतो का पुत्र अर्जुन महतो उर्फ गुरू महतो,शिव कुमार महतो का पुत्र प्रेम कुमार राजेन्द्र चौधरी का पुत्र राजू चौधरी समेत छः लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



वही पुलिस ने छापेमारी के दौरान चार देशी राइफल दो देशी कट्टा एवं बीस जिंदा कारतूस छःखोखा के साथ एक पिलेट को पुलिस ने बरामद किया है। डीएसपी ने बताया कि इस मामले में मृतक नरेश प्रसाद के पिता बहादुर महतो के द्वारा अपने पुत्र को गोली मारकर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए बारह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए इस्लामपुर थाना मे प्राथमिकी दर्ज करवाया है।

इस छापेमारी मे हिलसा 2 डीएसपी इसलामपुर गोपाल कृष्णा के साथ पुलिस निरिक्षक सम्राट दीपक, इस्लामपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, पु०अनी रवि कुमार, खुर्शीद अंसारी,हरिनंदन कुमार सशस्त्र बल शामिल थे।

बताया जाता है की इसलामपुर थाना क्षेत्र के सुहावनपुर सुढ़ी गांव मे रविवार को दो पक्षों की बीच गोलीबारी की घटना मे तीन लोगो को गोली लग गई थी। जिसमे नरेश प्रसाद नामक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। वही राजू चौधरी और प्रेम कुमार गोली लगने के कारण बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। जबकी गोलीबारी की घटना से पूर्व मारपीट की घटना में उदय कुमार एवं सुनील कुमार नामक व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गए थे।

# डीएम ने स्मार्ट सिटी द्वारा चल रहे हैं कार्यों का निरीक्षण किया




**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** सोमवार को नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बिहारशरीफ अन्तर्गत स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निमार्णाधीन पथों के कार्य प्रगति का निरीक्षण किया गया। नाला रोड, रांची रोड ,एग्रीकल्चर ऑफिस के बगल का रोड ,पालिका बाजार रोड ,मछली मंडी निमार्णाधीन पंथों का निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य में प्रगति लाने हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस अवसर पर नगर आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता सहित स्मार्ट सिटी के संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे ।

# प्रत्याशियों पर निगरानी हेतु डीएम ने 21 स्टैटिक निगरानी टीम वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिलाधिकारी, नालंदा शशांक शुभंकर द्वारा सोगरा हाई स्कूल मैदान से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु निर्वाचन व्यय अनुश्रवण के लिए विधानसभा वार 21 स्टैटिक निगरानी टीम वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।



स्टैटिक निगरानी टीम निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्रों में अत्यधिक प्रचार खर्चा, रिश्वत की मदों का नगद या वस्तु के रूप में वितरण , अवैध शस्त्रों, गोला बारूद, शराब या असामाजिक तत्वों आदि पर नजर रखेगी । इसके लिए विधानसभा वार 21चेक पोस्ट बनाए गए हैं ।

इस टीम का दायित्व मुख्यतः आने जाने वाले वाहनों को चेकिंग करना,जिनका प्रयोग अभ्यर्थियों /राजनीतिक दलों या उनके कार्यकताओं द्वारा निर्वाचन कार्य में किया जा रहा है, का होगा और वे सुनिश्चित करेंगे कि इन प्रयुक्त वाहनों में राजनीतिक दलों /अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय से संबंधित दिशा निदेर्शों एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है अथवा नहीं ।उल्लंघन की स्थिति में विधि सम्मत कार्रवाई उनके स्तर से निर्मित विभिन्न चेक पोस्ट पर स्टैटिक रहकर टीम औचक रूप से घूम-घूम कर अपने विधानसभा क्षेत्र में निर्मित विभिन्न चेक पोस्ट पर स्टैटिक होगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# सीमा शुल्क पटना ने अवैध रूप से तस्करी कर लाए जा रहे चाइनीज सेब को ट्रक सहित किया जब्त

**पटना (संवाददाता)।** सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत निवारण शाखा मुख्यालय पटना के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक की तलाशी के दौरान वैशाली जिला के लालगंज के पास अवैध रूप से तस्करी कर लाए जा रहे चाइनीज सेब को ट्रक सहित सीमा शुल्कर मुख्यालय पटना के अधिकारियों ने जब्त किया है।

सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना को यह गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से बिहार के सीमावर्ती इलाकों के रास्ते चाइनीज सेब की एक बड़ी खेप पहाड़पुर-लालगंज के रास्ते बिहार से रांची ले जाने की योजना तस्करों द्वारा बनाई गई है। इस गुप्त सूचना के आधार पर सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना के अधिकारियों ने ट्रक संख्या वढ52अळ-7926 को पीछा करते हुए लालगंज-पहाड़पुर रोड के समीप पकड़ लिया और ट्रक में अवैध रूप से ले जाए जा रहे चाइनीज सेब को शुक्रवार को जब्त कर लिया। जब्त किये गए चाइनीज सेब का वजन लगभग 9000 किलोग्राम है जिनका




अनुमानित मूल्य 16 लाख 20 हजार के करीब है जबकि जब्त किए गए ट्रक का अनुमानित मूल्य 20 लाख 80 हजार है। इस तरह कुल जब्ती का अनुमानित मूल्य 37 लाख है।

इसके अतिरिक्त एक अन्य तस्करी निरोधी कार्रवाई में सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर दिनांक शनिवार को ट्रेन नम्बर 12423 राजधानी एक्सप्रेस के एसेलार कोच से 621 किलोग्राम विदेशी मूल का पोश्ता दाना को पाटलिपुत्रा जंक्शन पर जब्त किया। उपरोक्त जब्त पोश्ता दाना की अनुमानित कीमत 12 लाख 42 हजार बताई जा रही है, जिसको राजधानी एक्सप्रेस से दीमापुर से दिल्ली के लिए बुक किया गया था। सीमा शुल्क मुख्यालय पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि उपरोक्त पोश्ता दाना को नॉर्थ-ईस्ट के सीमावर्ती इलाको के रास्ते अवैध रूप से तस्करी कर भारत के विभिन्न इलाकों में रेलमार्ग द्वारा पहुँचाने की योजना तस्करों द्वारा बनाई गई है, जिसको सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना के अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निरस्त कर दिया। पिछले दिनों चुनाव आयोग के द्वारा पटना में आयोजित मीटिंग में यह दिशानिर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित पदार्थो के तस्करी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई को तीव्र गति प्रदान की जाए । पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क(निवारण) आयुक्ततालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उपरोक्त दोनों तस्करी के मामलों में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर सीमा शुल्क (निवारण) मुख्यालय पटना के सहायक आयुक्त, प्रकाश सहाय के नेतृत्व में की गई जिसमें दिलीप कुमार, सुबोध कुमार मिश्रा, मोङ्ग मुमताज तीनों अधीक्षक और मनीष कुमार, निरीक्षक ने मुख्या भूमिका निभाई। आयुक्त ने आगे बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्तद अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।

## संक्षिप्त खबर

### वर्चस्व कायम करने को लेकर दो पक्षों में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग

**थरथरी(नालंदा)(नवशक्ति)।** थरथरी थाना क्षेत्र में फायरिंग आम बात हो गयी है। छोटा मोटी विवाद में भी अक्सर फायरिंग होने लगता है। हाल ही में अतवलचक गांव में पुलिस पर भी फायरिंग किया गया था। अब भातु बिगहा गांव में आपसी वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच हुई जमकर फायरिंग हुई। हालांकि फायरिंग में कोई हताहत नही हुई है।

बताया जाता है कि भातु बिगहा निवासी नरेश यादव तथा सुबोध प्रसाद के बीच गांव में अरसे से वर्चस्व की होड़ चल रही थी । वर्चस्व कायम करने की इसी लड़ाई में दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और देखते-देखते ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। अचानक गांव में फायरिंग के बाद गांव में अफरातफरी मच गया। लोग अपने घरों में दुबकने लगे।

थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि भातु बिगहा गांव में दो गुटों के बीच फायरिंग की सूचना मिली है। हालांकि दोनों गुटों की ओर से प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है। एक गुट से नरेश यादव ने छह लोगों को अभियुक्त बनाया है। तो दूसरे गुट सुबोध प्रसाद के पत्नी ज्ञानती देवी ने पांच लोगों को अभियुक्त बनाया है।

### भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर गोलीबारी में एक कि मौत,चार घायल

**इस्लामपुर (नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सुहावन पुर सुढ़ी गांव मे रविवार को भूमि विवाद के कारण दो पक्षों के बीच हुई जमकर गोलीबारी की घटना मे गोली लगने के कारण नरेशी महतो नामक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी । वही इस घटना मे गोली लगने के कारण दो लोग राजू चौधरी एवं प्रेम कुमार महतो नामक व्यक्ति बुरी तरह जख्मी हो गये। जब की गोलीबारी की घटना से हुई पूर्व मारपीट की घटना मे सुनील कुमार एवं उदय महतो नामक व्यक्ति जख्मी हो गये। घटना के सूचना मिलते ही इस्लामपुरा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर सभी जख्मीयों को इलाज के लिए इस्लामपुरा सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र मे लाया। जहां स्थानीय चिकित्सक ने सभी जख्मियों को प्राथमिक उपचार करने के बाद चिंताजनक स्थिति में पावापुरी बिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना के संबंध मे स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस्लामपुर थाना क्षेत्रके सुहावन पुर सुढ़ी गांव मे नरेशी महतो और राजू चौधरी के बीच गांव में ही 31 डिसमील जमीन का विवाद चला आ रहा था। बताया जाता हैकि उस जमीन पर राजू चौधरी एंव उसके समर्थकों के द्वारा मूंगफली का फसल लगा दिया गया था । फसल लगाने के बाद रविवार को नरेश महतो और राजू चौधरी के बीच विवाद उत्पन हो गया। विवाद उत्पन होने के बाद नरेशी महतो उर्फ नरेश महतो खेत मे लगे मूंगफली के फसल को उखाड़ने चला गया। इसी को लेकर दोनों दोनो के बीच उत्पन विवाद के बाद दोनों गुटो के बीच मारपिट होने लगी। मारपीट की घटना के बाद दोनों गुटों के बीच जमकर गोलीबारी की घटना होने लगी। इसी बीच राजू चौधरी के समर्थकों के द्वारा नरेशी महतो को राइफल से गोली मार दी। गोली लगने के कारण नरेशी महतो की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। वही गोलीबारी की घटना मे गोली लगने के कारण दुसरे पक्ष के राजू चौधरी, प्रेम कुमार महतो बुरी तरह से जख्मी हो गया। राजू चौधरी के समर्थकों ने नरेशी महतो के समर्थक सुनील महतो एवं उदय महतो को लाठी डंडे से मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। घटना के बाद सभी जख्मीओं को इलाज के लिए इस्लामपुर सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र मे लाया गया। जहां स्थानीय चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया। घटना के सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना पुलिस ने घटना स्थल पर मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया। वही घटना के बाद थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह नेतृत्व मे जबरदस्त छापेमारी करते हुए गोलीबारी की घटना में शामिल छः लोगों को गिरफ्तार किया है।

# पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रो बोनो प्रस्तुति प्रतियोगिता में सीयूएसबी छात्रों को तीसरा स्थान

**पटना।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (एसएलजी) के अंतर्गत संचालित प्रो बोनो क्लब के छात्रों ने पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित कानून महोत्सव में ३प्रो बोनो प्रस्तुति३ प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया` जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में प्रो बोनो क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ. देव नारायण सिंह के नेतृत्व में सीयूएसबी की टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया` सेकंड ईयर की प्रो बोनो क्लब की छात्रा निम्मी राज एवं मुस्कान कुमारी गुप्ता ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान हासिल किया`





कुलपति प्रो. के. एन. सिंह, कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह, एसएलजी के डीन एवं अध्यक्ष प्रो. एस. पी. श्रीवास्तव के साथ प्रो बोनो क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ. देव नारायण सिंह ने निम्मी और मुस्कान को उत्कृष्ट प्रदर्शन के बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

विस्तृत जानकारी देते हुए नोडल ऑफिसर डॉ. देव नारायण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के कानून विभाग के अध्यक्ष डॉ. पुनीत पाठक के नेतृत्व में आयोजित की गई` ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रतियोगिता में भारत के कई यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया, जिसमें तीसरे स्थान पर सीयूएसबी की छात्राओं ने बाजी मारी` इस प्रतियोगिता में छात्रों ने समाज की सेवा के महत्व को उजागर करने के लिए अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कानून के क्षेत्र में जागरूकता फैलाई` उन्होंने अपने उत्कृष्ट अनुसंधान और विशेषज्ञता के माध्यम से विभिन्न समाज सेवा कार्यों के बारे में बताया और लोगों को प्रेरित किया` सीयूएसबी के छात्रों को प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए प्रमाणपत्र के साथ पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज में ड्रोन तकनीकी के ऊपर सी-डैक पटना द्वारा बूटकैंप का आयोजन



**चंडी (नालंदा)(नवशक्ति)।** नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय चंडी में सी-डैक पटना द्वारा पांच दिन का ड्रोन तकनीकी के ऊपर 40 घंटे के बूटकैंप का आयोजन किया गयो

इस बूटकैंप के बारे में जानकारी देते हुए सी-डैक पटना के वरिष्ठ निदेशक श्री आदित्य कुमार सिन्हा ने बताया कि यह बूटकैंप कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है` श्री सिन्हा ने यह भी बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ड्रोन तकनीकी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराना है , ताकि वर्ष 2030 तक भारत ड्रोन तकनीकी के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बन सके।

# पेयजल संकट से जूझ रहे हैं इलाकों में टैंकरों द्वारा पहुंचाया जा रहा है पानी

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की समस्या से निपटने हेतु नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के निदेर्शानुसार ग्रामपंचायत चेरोसरमेरा के ग्राम वृंदावन एवं हरनौत प्रखंड में सारथ पंचायत के नीमाकोल टोला में टैंकर के माध्यम से प्रभावित घरों तक पेयजल आपूर्ति नगर निगम/ नगर निकाय द्वारा की जा रही है ।

संभावित सुखाड़ की स्थिति से निपटने हेतु प्राथमिकता के आधार पर यथा चापाकल, नल जल, टैंकर , प्याऊ की व्यवस्था आदि के माध्यम से पेयजल आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है ।

पेयजल/ अगलगी एवं ऐसी किसी भी समस्या/ शिकायत निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06112- 233168 /मोबाइल संख्या 8789858336 (24 7) क्रियाशील है । पीएचईडी द्वारा पेयजल समस्या /शिकायत निवारण हेतु प्रमंडल बिहार शरीफ दूरभाष संख्या 06112- 230071 एवं हिलसा दूरभाष संख्या 06111 -291501 नियंत्रण कक्ष क्रियाशील है । नगर निगम, नालंदा नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06112- 232271 पर किसी प्रकार की पेयजल समस्या/ शिकायत दर्ज कराई जा सकती है । जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार नगर निगम/ नगर निकाय क्षेत्रों में जिन चिन्हित स्थलों पर चापाकल / नल जल योजना से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है, वहां पर टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जिलेभर में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति प्रभावित चिन्हित निम्न




वार्डों में की जा रही है :-नगर निगम बिहार शरीफ क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन वार्ड नंबर 50 /सर्वोदय दुर्गा स्थान वार्ड नंबर 47/ सिपाह दुर्गा स्थान वार्ड नंबर 49 /भवई वार्ड 41 /कोनासराय वार्ड 41/ टिकुली पर वार्ड 10 /इमादपुर वार्ड 11/ पकरसलपुर वार्ड 49 /सिपाह वार्ड 49/ बड़ी दरगाह नया टोला वार्ड 45/ मीरगंज वार्ड 46 /कपूरी छात्रावास वार्ड 49 /मंसूर नगर वार्ड 19 में नगर परिषद राजगीर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नंबर 3 बेलौआ/ वार्ड पांच लहुआर /वार्ड 6 ओएससन गेट संख्या एक/ वार्ड 9 सबलपुर /वार्ड 11 उदयपुर /वार्ड 17 कोनारक नगर/ वार्ड 18 वादी नगर बद्रीपुर /वार्ड 26 गुलजारबाग /वार्ड 30 मगदूम कुंड /वार्ड 31 ठाकुर स्थान ।

नगर परिषद इस्लामपुर अंतर्गत वार्ड 21 खगड़ी मैरेज हॉल के पास /वार्ड 12 के बी चौक चौराहा /वार्ड 16 तालाब पर ।

नगर पंचायत चंडी अंतर्गत वार्ड एक जैतीपुर ।

नगर पंचायत रहुई अंतर्गत वार्ड तीन मंदिरपुर ठल्78 /वार्ड 3 बजरंगबली मोड बाजार /वार्ड 7 शिवानी मेडिकल हॉल / वार्ड 6 पेट्रोल पंप /वार्ड 9 रहुई ब्लॉक के पास /वार्ड 10 बजरंगबली मोड गैदी।

नगर पंचायत एकंगरसराय अंतर्गत वार्ड नंबर 1 महादलित टोला ।

नगर पंचायत परवलपुर अंतर्गत वार्ड नंबर 10 पटेल टोला ।

नगर पंचायत नालंदा अंतर्गत वार्ड नंबर 2 मेहंदी नगर /वार्ड नंबर 9 इंदिरा नगर ।

नगर पंचायत सरमेरा अंतर्गत वार्ड 5 / वार्डनंबर 7 हाई स्कूल के पास ।

नगर पंचायत हरनौत अंतर्गत वार्ड नंबर 7 बस्ती/ वार्ड नंबर 17 नियामतपुर के पास ।

जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार जिलेभर में नगर निगम /नगर निकाय द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार कुल 43 टैंकर के माध्यम से निर्वाध रूप से जलापूर्ति की जा रही है ।

नालंदा जिला अंतर्गत 131 स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, एवं 63 स्थलों पर वॉटर टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराए जा रहे हैं । लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल बिहार शरीफ में उपलब्ध टैंकर की संख्या 17 , लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल हिलसा में उपलब्ध टैंकर की संख्या 10 ,नालंदा जिला में कुल 90 टैंकर उपलब्ध है ।.

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर, पूरे मामले की सीबीआई जांच कराएं चंपई सोरेन : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 6 मई को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हो या उनकी पूरी सरकार, सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है। यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है, लेकिन पिछले 4 वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है, प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है, खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां




से मिले नोटों की गिनती 1 दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। आदमी तो आदमी मशीन तक थक गए। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आएगी।

झारखंड में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौला के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपए के नोट मिले थे। आज भी आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपए मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है। उन्होंने कहा कि नौकर के घर में पैसों का इतना जखीरा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, सरकार से जुड़े दलाल- बिचौलियों के घर भी अगर छापामारी हो जाए तो पता नहीं कितने करोड़ रुपए मिलेंगे। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इंडी गठबंधन के लोग पूरी तरह हताश और निराश है। वे पैसे के बल पर चुनाव जीतना चाह रहे हैं। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री का अपने नाम से खनिज पट्टा लेना, पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लेना, पाकुड़ जिला में भाई के नाम से खनन का पट्टा लेना, प्रेस सलाहकार के नाम से खनन का पट्टा लेना, परिवार के नाम पर खनन का पट्टा लेना, यह सब सबके सामने है।

उन्होंने कहा कि उनके बीच के दलाल -इंजीनियर भी जेल में बंद है। आज मिले पैसे या 350 करोड़ की जांच होगी तो इसके तार कांग्रेस के शहजादे तक भी पहुंच जाएगी। वसूली का धंधा पिछले 4 वर्षों तक राज्य में जारी रहा। यहां के नेता घूम घूमकर कहते हैं कि हेमंत सोरेन को फंसाया गया। कल्पना सोरेन कहती है कि पति को फंसाया गया। इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है कि इतने बड़े नोटों की गड्डी, 350 करोड़ रुपये कांग्रेस नेता के यहां से मिले। पहले ही 20 करोड़ रुपये एक आईएएस के ठीकानों से मिलता है। आज कांग्रेस पार्टी के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर से पैसे मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखा था वह सारे पत्र नोटों का बंडल के साथ मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चपाई सोरेन उसे पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर कराएं। पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। इसकी अनुशंसा करें। ऐसा न हो कि उनका बुढ़ापा भी जेल में कटे। मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, सह मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप भी मौजूद थे।

## नाबालिग लड़की का अपहरण, बलात्कार के बाद हत्या करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दुमका (संवाददाता)।** दुमका के तालझारी थाना अंतर्गत बरमासा गांव के समीप बीते 29 अप्रैल को बरामद नाबालिग लड़की के मानव कंकाल के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग युवती के अपहरण एवं बलात्कार के बाद हत्या का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस बाबत दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि दिनाक-27.04.2024 को प्राप्त आवेदन के आधार पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध नाबालिक लड़की के अपहरण करने के आरोप में तालझारी थाना कांड संख्या-18/24, दिनाक 27.04. 2024, धारा-363 भादवि अंकित किया गया था। कांड के अनुसंधान में पीड़िता की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा था,इसी बीच दिनाक 29.04.2024 को थाना में सूचना प्राप्त हुई कि कांड में लापता पीड़िता का शव नर कंकाल अवस्था में ग्राम-बरमासा के सीमागढ़ा में पड़ा हुआ है? मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड के उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जरमुण्डी संतोष कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। एसआईटी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के विरुद्ध सूचना संकलन करते हुए घटना में संलिप्त अपराधी पिंकु कुमार मंडल उर्फ छोटू कुमार पिता-प्रहलाद मंडल, साकिन-बरमासा,थाना- तालझारी, जिला-दुमका को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में पीड़िता को बंधक बनाकर दो दिनों तक जबरदस्ती बलात्कार कर नाक एवं मुँह दबाकर हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए शव में एसिड डालने का अपराध स्वीकार किया है।गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में उपयोग सामानों को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता पिंकु कुमार मंडल उर्फ छोटू कुमार पिता-प्रहलाद मंडल, साकिन बरमासा, थाना-तालझारी,जिला-दुमका है। अनुसंधान के दौरान जप्त सामानों में एक हीरो स्पेन्डर मोटरसाईकिल नंबर-खल04द 6656,एक जोड़ी लाल रंग का चप्पल,लाल बाला एवं चुड़ी का टुकड़ा,एक काला रंग का क्लीप,एक सून्स कम्पनी का घड़ी, एक नीला रंग का रस्सी,एक लाल रंग का गमछा जप्त किया गया।छापेमारी टीम में संतोष कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जरमुण्डी, विष्णुदेव पासवान,पुलिस निरीक्षक हंसडीहा प्रभाग, पुलिस अवर निरीक्षक अजित कुमार यादव,थाना प्रभारी तालझारी, पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार,थाना प्रभारी जामा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन कुमार,थाना प्रभारी सरैयाहाट थाना, सहायक पु०अ०नि० अनुपमा सोरेंग,थाना प्रभारी महिला थाना, पु०अ०नि० टिकवानन्द भगत, तालझारी थाना (अनुसंधानकर्ता), पु०अ०नि० योगेश्वर उराँव,तालझारी थाना, आरक्षी अमित कुमार, तकनीकी शाखा,दुमका,तालझारी थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल रहे।

## यशस्वनी सहाय ने रांची समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल किया

**रांची।** रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री यशस्वनी सहाय ने रांची समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के उपरांत मोरहाबादी मैदान में एक विशाल सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय प्रदेश कमिटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस के प्रभारी आदरणीय गुलाम अहमद मीर जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस नामांकन सभा में प्रत्याशी सुश्री यशस्वनी सहाय के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी, नेता कांग्रेस विधायक दल सह ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम , पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं शहजादा अनवर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश में अब तक 184 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है जिनमें जनता के रूझान के मुताबिक लगभग 125 सीटें इंडिया गठबंधन को प्राप्त होने जा रहा है। यह चुनाव देश में बदलाव लाने वाला है और झारखंड में इस बार क्रांति होने जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान को जबरदस्त खतरा है। हम इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से इसके खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे।

आज की नामंकन सभा को मुख्य रूप से मंत्री आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं शहजादा अनवर,विधायक राजेश कच्छप,झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, सुरेश बैठा एवं बेलस तिर्की आदि नेताओं ने संबोधित किया।

इस सभा में मुख्य रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, अध्यक्ष,गौ सेवा आयोग के राजीव रंजन प्रसाद,धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, डॉ तौसिफ, अजय नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपु, सुरेन्द्र सिंह, रमा खलखो, अशोक चौधरी, अमरेंद्र सिंह, आभा सिंहा, बबलू शुक्ला, अम्बुज कुमार,दिनेश साहु, शहीद अहमद, चंदन बैठा, हरिमोहन महतो, राजेन्द्र मुण्डा, विकास रजक, जॉय चक्रवर्ती, प्रिंस बट्ट, नीतु देवी, तारिक मुजीबी, मो शद्दाब, राजद के मनोहर यादव, कैलाश यादव, धर्मेंद्र महतो, सीपीआई के नदीम खान, आप पार्टी के संतोष कुमार सहित रांची लोकसभा के विभिन्न प्रखण्डों के प्रखण्ड ,पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर के नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### मानवता को शर्मसार करने वाली घटना

**बोकारो।** बोकारो जिला के पेटरवार थाना अंतर्गत ओरदाना पंचायत में 8 वर्षीय मासूम आदिवासी लड़की का दरिदों ने किया दुष्कर्म ,दुष्कर्म के बाद लड़की को गला दबाकर मार दिया गया और घर से कुछ ही दूर झाड़ियां में फेंक दिया गया, बेरमो पुलिस का कहना है की ,लड़की का पोस्टमार्टम किया गया जिसमे बलात्कार कर गला दबाकर लड़की की हत्या की गई है ,परिजनों का कहना है की लड़की एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौटने के कर्म में कुछ लोगों के द्वारा अगवा कर बलात्कार किया गया फिर मासूम लड़की को गला घोट कर हत्या कर दी गई और लाश को झाड़ियां में फेंक दिया गया जब परिजन लड़की की खोज बिन करने लगे तो झाड़ी में मिला शव,पुलिस प्रशासन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह आया है कि लड़की का बलात्कार कर गला घोट कर हत्या की गई है ,बेरमो एसडीपीओ का कहना है की जल्द ही उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी होगी पुलिस प्रशासन जांच पड़ताल कर रही है ।

### बढ़ते तापमान के साथ साथ चुनावी सरगर्मी तेज

**निर्मल महाराज/बोकारो।** दिनों दिन गर्मी के तापमान में बढ़ोती होती जा रही है और इस बढ़ती तापमान में चुनावी सरगर्मी भी तेज होती दिखाई दे रही है ,धनबाद लोकसभा का चुनाव में नेताओं का सरगर्मी तेज होती दिख रही है ,इस तप तपाती धूप में प्रत्याशियों का चुनावी माहौल और गर्म होते जा रहा है जैसे जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है प्रत्याशियों का जन संपर्क भी बढ़ते जा रहा है ,इस तप तपाती धूप में भी प्रत्याशी अपना जन संपर्क तेज करते जा रहे है ,घर घर जाकर लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने का प्रेरित करते दिख रहे है ,जगह जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को अपने पक्ष में मतदान करने को लेकर प्रेरित कर रहे है , घर घर जाकर बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद ले रहे है ,पैर छूकर आशीर्वाद लेते दिख रहे है ,कई प्रत्याशी लुभावने सपने जनता को दिखा रहे है की चुनाव जीतने के बाद मैं यह काम करूंगा वह काम करूंगा ,जनता की हर एक समस्या का समाधान करूंगा ,इस चुनावी माहौल में आम जनता का कहना है की जो क्षेत्र का विकास करेगा उसे ही अपना वोट दूंगा ,अगर बात करते है इन प्रत्याशीयो की जो जनता को घर घर जाकर लुभावने सपना दिखा रहे है ,क्या चुनाव जीतने के बाद एक बार भी घर घर जाकर लोगो की समस्या सुनेंगे और समाधान करेंगे यह तो चुनाव जीतने के बाद ही मालूम होगा ,खैर प्रत्याशी अपनी जीत दर्ज करवाने के लिए कमर कस ली है की जनता को क्या क्या हसीन सपना दिखाना है और अपने पक्ष में वोट लेना है ।

### असमाजित तत्वों द्वारा जंगलों में लगाई जा रही है आग

**बोकारो।** बोकारो जिला के कई जगहों के जंगलों में असामाजित तत्वों द्वारा लगातार आग लगाई जा रही है ,गर्मी के कारण आग की लपेट चारो ओर फैलती जाती है ,दमकल विभाग को जानकारी मिलती है तो मौके पर पहुंचकर आग पर काबू कर लिया जाता है ,इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी का कहना है की आग असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई जाती है ,अगर इन सामाजिक तत्वों व्यक्तियों की जानकारी मिलती है तो उस पर उचित करवाई की जाएगी ,अभी तक इस आग से किसी की हताहत होने की जानकारी नहीं है ।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मई की जगह 11 मई को आएंगे सिमरिया

**सिमरिया।** झारखंड की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले 12 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे1 अब वे 11 मई को ही झारखंड आएंगे। वे चतरा लोकसभा के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न 3 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### हर साख पर आलमगीर बैठा है, अंजाम ए झारखंड क्या होगा : तरुण चुग

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एक दिवसीय झारखंड दौरे पर नई दिल्ली से रांची आए। श्री चुग ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित चतुर्थ चरण में होने वाले चुनाव संसदीय क्षेत्र पलामू,सिंहभूम,खूंटी लोहरदगा के लोकसभा प्रभारी,सह प्रभारी,संयोजक ,जिलाध्यक्ष गण के साथ बैठक की। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू,मनोज सिंह उपस्थित थे । बैठक में लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई।

## कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर बसिया के कोनवीर में पूरी तैयारी की समीक्षा की

**रांची,(संवाददाता)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार कांग्रेस नेताओं के एक दल ने बसिया के कोनवीर में पूरी तैयारी की समीक्षा की।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस नेताओं के दल ने पूरी तैयारी की व्यापक रूप से समीक्षा की साथ ही साथ कार्यक्रम स्थल पर भी तैयारी का पूरा जायजा लिया। इस क्रम में उस जिले और प्रखंड से आने वाले कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं से भी कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया और भारी से भारी संख्या में कार्यकताओं और नेताओं की भागीदारी जनसभा मे सुनिश्चित



करने हेतु प्रदेश अध्यक्ष की दिशा निदेर्शों से अवगत कराया।

श्री शांति ने बताया कि सिंहभूम लोकसभा के चाईबासा में टाटा कॉलेज मैदान तथा गुमला जिले के बसिया प्रखंड के कोनवीर में राहुल गांधी की सभा प्रायोजित है। सभा के माध्यम से देश और राज्य के हर वह मुद्दे उठेंगे जो देश की जनता के लिए जरूरी है। देश जिस दौर से गुजर रहा है उस दौर मे देश की जनता की एकजुटता जरूरी है, जिस तरह से जनता ने चुनाव के दो चरणों में इंडिया गठबंधन के प्रति अपना विश्वास जगाया है आगे भी यह दौर जारी रहेगा। चुनाव के आगे के चरणों में जनता को भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को समझने की जरूरत है भाजपा जनता के बीच आपसी मतभेद बनाकर चुनाव का रुख दूसरी ओर मोड़ने की कोशिश कर रही है लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पा रही है जिसके कारण बौखलाहट में भाजपा नेता रोज तरह-तरह के झूठे बयानों का सहारा ले रहे हैं।

तैयारी की समीक्षा के लिए दल में प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलको,मानस सिन्हा, रविंद्र सिंह सतीश पॉल मुंजनी,मदन मोहन शर्मा, सुखेर भगत,चैतू उराँव भानु प्रताप बड़ाईक शामिल थे।

## रांची लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से लिया आशीर्वाद



**रांची (संवाददाता)।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से जीत काआशीर्वाद लेती रांची लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय

मुख्यमंत्री चंपई सोरेनने कहा झारखंड की बेटी है संसद में आवाज बनेगी यह हमारे लिए गर्व की बात ही होगीयुवा पीढ़ी का राजनीत में आना देशऔर प्रदेश के। लिए सुखद बात वर्तमान में केंद्र सरकार जिस प्रकार युवाओं को युवाओं को बरगला रही है अगर युवा नेतृत्व सांसद पहुंचता है तो युवा के साथ-साथ महिलाओं और हर वर्ग का आवाज बनने का काम करेगी।

## गरीबों को जो लूटेगा, वह जेल जाएगा, यही मोदी की गारंटी है : सम्राट चौधरी

- इंडी गठबंधन के लिए आरक्षण का अर्थ परिवार को आगे बढ़ाना है
- गिरिडीह से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील

**गिरिडीह।** बिहार भाजपा अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 6 में को गिरिडीह लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बोकारो के जैनामोड़ हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तब लोगों ने सोचा नहीं था कि इतना विकास होगा। इतने सपने सच होंगे। आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। पहले विश्व में भारत को चौथी दुनिया के तौर पर जाना जाता था। देश के प्रधानमंत्री ने अंग्रेज को हराकर दंश की अर्थव्यवस्था को 12वें से 5वें स्थान पर लाने का काम किया। भारत को मेक इन इंडिया का सपना दिया है। अब हम सोने की चिड़िया नहीं, सोने का शेर बना रहे हैं। यह दुनिया को दहाड़ने का काम कर रहा है। किसी ने सोचा नहीं था की कोई प्रधानमंत्री शौचालय की बात करेगा। गरीबों के लिए पक्का मकान की बात करेगा। प्रधानमंत्री ने 4 करोड़ 35 लाख लोगों को पक्का मकान देने का काम किया है। जल जल योजना शुरू कर लोगों के घर तक पानी पहुंचाने का काम किया। लोगों को शौचालय देने का काम किया। घर में गैस कनेक्शन देने का काम किया। इसके बाद सभी गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। अब मोदी जी घर-घर सोलर युक्त बिजली पहुंचाना चाहते हैं। गरीबों की बिजली मुफ्त देने का काम करेंगे। जब देश में डॉ मनमोहन सिंह के सरकार थे, तब वे



बिना सोनिया गांधी के स्विच के नहीं चलते थे। जब सोनिया गांधी बोलती थी, तब देश का प्रधानमंत्री बोलते थे। आज प्रधानमंत्री मोदी की बात पूरा विश्व सुनता है। रूस और यूक्रेन की लड़ाई में बिहार और झारखंड के बच्चे फंस गए थे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से बच्चे वहां से सब कुशल वापस आ सके। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि गरीबों का कल्याण करेंगे और देश के भ्रष्टाचारियों को नहीं छोड़ेंगे। भ्रष्टाचारी जेल में है, यही मोदी की गारंटी है। गरीबों को जो लूटेगा, वह जेल जाएगा। झारखंड में लालू प्रसाद यादव ने चारा खाया था, आज सोरेन और लालू परिवार एक साथ है। जब चुनाव आएगा, तब ये लोग बोलेंगे कि संविधान खतरे में है। आरक्षण खतरे में है। चुनाव खत्म होते यह सभी का खत्म हो जाता है। एक तरफ लालू यादव ने चुनाव में अपने पूरे परिवार को उतारने का काम किया, दूसरी तरफ शिबू सोरेन ने पूरे परिवार को उतारने का काम किया। यही इनके लिए आरक्षण है। इनके जीवन में दूसरे लोग नहीं है, उनके परिवार के लोग ही हैं। अपने ही परिवार को नेता बनना है किसी और को नहीं बनाना है। मजबूत सरकार के लिए एनडीए प्रत्याशी को जीताएं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार झारखंड से हम 13 कमल फूल भेजेंगे और उसके साथ एक फल भी रहेगा। केला भी रहेगा। गिरिडीह से एनडीए गठबंधन के नेता और आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को केला छाप पर बटन दबाकर रिकार्ड मतों से विजयी बनाएं, ताकि फिर से नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 वर्षों में उन्होंने गरीबों के लिए काम किया। किसानों के लिए काम किया। महिलाओं के लिए काम किया। मजदूर के लिए काम किया। गरीबों के घरों की चिंता की। उनके घरों में गैस का कनेक्शन पहुंचाया। गरीब भूखे नहीं रहे, इसके लिए गरीबों को प्रति महीना 5 किलो अनाज भी मुफ्त देने का काम कर रहे हैं। पहले गरीब जब बीमार होते थे, तब पैसे का भाव में उनका इलाज नहीं हो पाते थे। घर में यूं ही पड़े रह जाते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इन गरीबों के लिए भी 5 लाख रुपए की आयुष्मान योजना शुरू की, ताकि वे अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कर सके।

उन्होंने कहा कि जो गरीबों की चिंता करते हैं, गांव की चिंता करते हैं, दवा की चिंता करते हैं। गांव की चिंता करते हैं, ऐसे व्यक्ति को देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में आज जिन लोगों की सरकार चल रही है, ये सभी झारखंड के विरोधी रहे हैं।

विकास के विरोधी रहे हैं। झारखंडवासियों के भी विरोधी है। झारखंड वासियों की मांग वर्षो से अलग राज्य की थी? देश में 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने राज किया, लेकिन कभी यहां के लोगों की भावनाओं का ख्याल नहीं किया। सम्मान नहीं दिया। जब देश में भाजपा-एनडीए की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री बने, तब झारखंड अलग राज्य बना। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कारण अलग राज्य नहीं बना।